नागालैण्ड विश्वविद्यालय
NAGALAND UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय) / (A Central University)
मुख्यालय : लुमामी, जिला : जुन्हेबोटो (नागालैण्ड), पिन कोड – 798 627
Hqrs: Lumami, Dist.: Zunheboto, (Nagaland), Pin Code – 798 627
: 0369-2268270 Fax / फैक्स: 0369-2268248

क्रं. सं.- नाविलु/हिप्र-29/15- 563 दिनांक: 23/07/2021

अधिसूचना

हिंदी भाषा प्रशिक्षण उन सभी गैर-हिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए आवश्यक है जो केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों और इससे सम्बंधित कार्यालयों या अधीनस्थ कार्यालयों के अंतर्गत काम कर रहे हैं एवं जिन्हें हिंदी भाषा का न्यूनतम ज्ञान नहीं है।

इस हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम में 4 (चार) पाठ्यक्रम अर्थात, प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ तथा पारंगत शामिल है।

योग्यता एवं पात्रता :

1. **प्रबोध :** यह प्रारंभिक स्तर का प्रशिक्षण है। इसमें कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कोंकणी तथा अंग्रेजी भाषा-भाषी अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। वे सभी अधिकारी/कर्मचारी जिन्हें हिंदी का ज्ञान प्राइमरी स्तर तक का नहीं है, प्रबोध प्रशिक्षण के पात्र हैं।
2. **प्रवीण :** यह पाठ्यक्रम उन अधिकारीयों/कर्मचारियों के लिए है जो प्रबोध की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं या जो प्राइमरी स्तर तक हिंदी पढ़ चुके हैं या जिनका हिंदी ज्ञान 8वीं कक्षा से कम है। इसमें मराठी, गुजराती, बांग्ला, असमिया, और उड़िया-भाषा-भाषी अधिकारी/कर्मचारी सीधे प्रवेश ले सकते हैं।
3. **प्राज्ञ :** यह पाठ्यक्रम उन सभी अधिकारीयों/कर्मचारियों के लिए है जो प्रवीण की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं या जिन्हें माध्यमिक स्तर तक हिंदी भाषा का ज्ञान है या जिनका हिंदी का ज्ञान 10वीं कक्षा से कम है। उर्दू, सिंधी, पंजाबी, तथा पश्तो भाषा-भाषी अधिकारीयों/कर्मचारियों के लिए प्राज्ञ स्तर का प्रशिक्षण अनिवार्य है।
4. **पारंगत :** यह पाठ्यक्रम उन कर्मचारियों/अधिकारीयों के लिए है जिन्होंने प्राज्ञ की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। हिंदी भाषा में कार्य करने हेतु उनमें प्रवीणता आ गयी हो। पारंगत का प्रशिक्षण केवल नियमित कक्षाओं के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

आयु सीमा: इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कोई आयु सीमा नहीं है।

कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए इस सत्र (जुलाई-नवंबर, 2021) में इन पाठ्यक्रमों का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना नाम, पदनाम व विवरण 29 जुलाई, 2021 से पूर्व अधोहस्ताक्षरी(व्हाट्सएप्प संख्या- 9540176311, email- hindiofficer@nagalanduniversity.ac.in) के पास भेज सकते हैं।

नोट: 1. केंद्र सरकार के कर्मचारियों को परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट दी गयी है।
2. इन पाठ्यक्रमों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों को पाठ्य-सामग्री केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान , नयी दिल्ली द्वारा प्रदान किया जायेगा।

क्रं. सं.- नाविलु/हिप्र-29/15- 563

भवदीय,
(आशीष कुमार)
हिंदी अधिकारी
दिनांक- 23/07/2021

प्रतिलिपि:

1. कुलपति के सचिव को, कुलपति, नागालैण्ड विश्वविद्यालय, लुमामी के सूचनार्थ।
2. समकुलपति, नागालैण्ड विश्वविद्यालय कोहिमा/ससार्ड परिसर के सूचनार्थ एवं प्रसार हेतु।
3. कुलसचिव के निजी सचिव को, कुलसचिव, नागालैण्ड विश्वविद्यालय, लुमामी के सूचनार्थ।
4. सभी अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष के सूचनार्थ एवं प्रसार हेतु।
5. सूचना पट्ट/कार्यालय प्रति।

Ashish Kumar
(आशीष कुमार)
हिंदी अधिकारी